केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2 आगरा

प्रवेश सूचना 2020-21

कक्षा -1 हेतु

शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए केंद्रीय विद्यालयों में कक्षा एक में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण दिनांक 20.07.2020 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 07.08.2020 सांय 7:00 बजे तक किया जा सकेगा। प्रवेश संबन्धित विवरण वैबसाइट और Android मोबाइल ऐप दोनों के माध्यम से **https://kvsonlineadmission.kvs.gov.in** से प्राप्त किया जा सकता है।

शैक्षणिक सत्र 2020-21 में कक्षा 1 में ऑनलाइन प्रवेश के लिए आधिकारिक Android मोबाइल ऐप https://kvsonlineadmission.kvs.gov.in/apps/ पर उपलब्ध है। ऐप डाउनलोड करने और इन्स्टाल करने के निर्देश उपरोक्त URL पर उपलब्ध होंगे। अभिभावकों से अनुरोध है कि वे पोर्टल और ऐप का उपयोग करने से पहले निर्देशों का सावधानी से पालन करें।

कक्षा 2 एवं 3 हेतु (अन्य किसी कक्षा में स्थान रिक्त नहीं हैं)

कक्षा दो एवं तीन में प्रवेश के लिए पंजीकरण दिनांक 20.07.2020 प्रातः 8:00 बजे से दिनांक 25.07.2020 साँय 4:00 बजे तक (ऑफलाइन मोड) द्वारा किया जा सकेगा। कक्षा 2 एवं 3 के लिए आवेदन प्रपत्र विद्यालय की वैबसाइट (https://no2agracantt.kvs.ac.in/) पर समय सारिणी के अनुसार डाउनलोड हेतु उपलब्ध होगा जिसे भरकर स्कैन करके विद्यालय की प्रवेश हेतु ईमेल : kv2agra.kvsangathan@gmail.com पर भेजना होगा। कक्षा 2 एवं 3 में प्रवेश हेतु निम्न दस्तावेजों की आवश्यकता होगी :-

1. जन्म प्रमाणपत्र
2. निर्धारित प्रारूप में सेवा प्रमाण पत्र
3. निवास प्रमाण पत्र
4. जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)

कक्षा-11 हेतु (केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों हेतु)

कक्षा XI के लिए आवेदन प्रपत्र विद्यालय की वैबसाइट (https://no2agracantt.kvs.ac.in/) पर समय सारिणी के अनुसार डाउनलोड हेतु उपलब्ध होगा जिसे भरकर स्कैन करके विद्यालय की प्रवेश हेतु ईमेल : kv2agra.kvsangathan@gmail.com पर भेजना होगा।

नोट: केन्द्रीय विद्यालय संगठन के नियमानुसार केन्द्रीय विद्यालय के कक्षा 10 उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों के कक्षा 11 में प्रवेश के उपरांत स्थान रिक्त होने पर उसकी सूचना विद्यालय की वैबसाइट पर अपलोड की जाएगी।

सामान्य निर्देश

सभी कक्षाओं के लिए आयु की गणना 31.03.2020 से होगी। कक्षाओं में सीटों का आरक्षण के.वि.सं. के प्रवेश दिशा-निर्देश के अनुसार किया जाएगा (https://kvsangathan.nic.in)। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए अभिभावक विद्यालय/मुख्यालय की वैबसाइट देखें।

वर्तमान में COVID-19 की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सक्षम अधिकारी (केंद्र/राज्य/स्थानीय) द्वारा जारी स्वास्थ्य संबंधी निर्देशों की अनुपालना में अभिभावकों से अनुरोध है कि वे विद्यालय में जाकर भीड़ एकत्रित न करें। प्रवेश संबंधी सभी सूचनाओं की जानकारी, पंजीकरण प्रपत्र भरने के लिए विद्यालय/मुख्यालय की वैबसाइट निरंतर देखें। प्राचार्य द्वारा विद्यालय में बुलाए जाने पर निर्धारित समय अंतराल में ही प्रवेश प्रभारी/प्राचार्य से संपर्क करें।

दिनांक:17-07-2020

(सुधाकरन पी वी)
प्राचार्य